प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 06.01.2025 समय : 01:00 पी.एम.

..........................

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज **पंचायत से संसद कार्यक्रम** के दूसरे संस्करण का उद्घाटन किया। संविधान सदन के सेन्ट्रल हॉल में हो रहे इस कार्यक्रम में 22 राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से अनुसूचित जनजातियों की 502 महिला प्रतिनिधि शामिल हो रही है। इसका उद्देश्य पंचायती राज संस्थाओं की महिला प्रतिनिधियों को संसदीय प्रकियाओं और शासन के बारे में जानकारी देना है। साथ ही शिक्षा और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में इन प्रतिनिधियों के योगदान को मान्यता देना भी है। इसके माध्यम से महिलाओं के नेतृत्व कौशल को मजबूत बनाने के प्रयास भी किये जायेंगे। इस कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए श्री बिरला ने कहा कि आने वाले समय में देश में महिला नेतृत्व बढेगा। उन्होंने कहा कि भारत की महिलाओं के लिए ये वर्ष नये संकल्प का वर्ष होना चाहिए।

..........................

केन्द्रीय वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री निर्मला सीतारमन ने आज नई दिल्ली में हितधारकों और व्यापार संघों के प्रतिनिधियों के साथ आठवीं बजट पूर्व सलाहकार बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के अलावा वित्त निवेश और सार्वजनिक परिसम्पंत्ति प्रबंधन विभाग, आर्थिक कार्य विभाग और श्रम मंत्रालय के सचिवों सहित मुख्य आर्थिक सलाहकार ने भाग लिया।

..........................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए 1 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि वाले एमओयू को धरातल पर उतारने के लिए आज समीक्षा बैठक करेंगे। श्री शर्मा बैठक में कृषि, शिक्षा, सूचना प्रौद्योगिकी, उद्योग, स्वास्थ्य, खनन, पर्यटन, नगरीय विकास और आवासन विभाग के 124 एमओयू के क्रियान्वयन के बारे में विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा करेंगे। गौरतलब है कि पिछले साल 9 से 11 दिसंबर तक आयोजित हुई राइजिंग राजस्थान निवेश सम्मेलन के तहत कुल 35 लाख करोड़ रुपये से अधिक के एमओयू किए गए थे। इसके बाद इन एमओयू के समयबद्ध और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए मुख्यमंत्री ने त्रि–स्तरीय समीक्षा व्यवस्था की पहल की थी। इसी कड़ी में मुख्यमंत्री स्तर पर एमओयू क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक हो रही है।

..........................

सिखों के दसवें गुरू और खालसा पंथ के संस्थापक गुरु गोबिंद सिंह की आज जयंती है। प्रकाश पर्व के इस मौके पर विशेष आयोजन हो रहे है। गुरूद्वारों में विशेष रोशनी तथा सजावट की गई है। गुरु ग्रंथ साहिब के अखंड पाठ, अरदास और रागी जत्थों के शबद कीर्तन के बीच श्रद्धालु देश की खुशहाली की कामना कर रहे है। इस मौके पर गुरुद्वारों में सुबह से देर रात तक अटूट लंगर का सिलसिला जारी रहेगा। राजधानी जयपुर में मुख्य आयोजन राजापार्क गुरूद्वारे में हो रहा है। इसके अलावा हीदा की मोरी, जवाहरनगर, कंवर नगर सहित अन्य गुरूद्वारों में भी उत्साह से प्रकाश पर्व मनाया जा रहा है। सीकर में प्रकाश उत्सव की पूर्व संध्या पर हुए नगर कीर्तन में गतका अखाडो ने हैरतअंगेज करतब दिखाए। सवाईमाधोपुर, करौली भरतपुर, पाली, हनुमानगढ़ और डीग सहित अन्य स्थानों पर इस अवसर पर प्रभात फेरी निकाली गई।

..........................

अजमेर में चल रहे सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती के सालाना उर्स में भाग लेने के लिए देश दुनिया से जायरीन के पंहुचने का सिलसिला जारी है। इसी कडी में आज पाकिस्तान से 89 जायरीन का दल विशेष रेलगाडी से अजमेर पंहुचेगा। जिला प्रशासन ने इसके मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए है। पाकिस्तानी जायरीन का जत्था उर्स में भाग लेने के बाद 10 जनवरी को वापस जायेगा।

..........................

प्रदेश में बीते 24 घंटों में कई स्थानों पर मौसम में अचानक बदलाव देखा गया। तापमान में 2 से 4 डिग्री सैल्सियस की गिरावट दर्ज की गई और कई स्थानों पर सर्द हवाओं ने ठिठुरन बढा दी।

............................